(x) Need to give special economic package for the drought-hit Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

***श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** महोदय, देश में सूखे की स्थिति व्याप्त है। समय से मानसून न आने के कारण यह स्थिति बनी है। मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी प्रतापगढ़ में सूखे से नलकूप सिंचाई एवं पेयजल हैण्डपम्प कार्य करना बन्द हो गए हैं जो कि जल का स्तर 15 मीटर नीचे गिरने से हुआ है। सम्पूर्ण कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी व प्रतापगढ़ जिलों के कुण्डा व बाबागंज विधान सभाओं में नहरों तथा माइनर रजबहो में पानी नहीं आ रहा है। बहुत सी नहरों की सफाई भी नहीं हुई है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र को सूखा क्षेत्र घोाित करते हुए एक जांच दल भारत सरकार भेजे तथा उपरोक्त एरिया के सभी जगहों पर लगान की नहरों व नलकूपों की वसूली रोकते हुए माफ किए जाएं तथा विशेा देकर सूखे की स्थिति से निपटने के लिए कृाकों को आर्थिक मदद करें तथा जानवरों के चारे तथा पेयजल की व्यवस्था तत्काल हो।

---

* Treated as laid on the Table.